Name ........................................Roll No........................................M

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा : 2022-23

समय-2.30 घण्टे　　　　कक्षा-X　　　　पूर्णांक-70

## विषय-हिन्दी

### खण्ड-क

1. हिन्दी का प्रथम अन्याय है- 1

(अ) परीक्षागुरू (ब) गोदान (स) अलग-अलग वैतरणी (द) ममता

2. हिन्दी की प्रथम कहानी है- 1

(अ) इन्दुमती (ब) पंच परमेश्वर (स) पुरस्कार (द) इनमें से कोई नहीं

3. हिन्दी के प्रसिद्ध निबंधकार हैं- 1

(अ) रामचन्द्र शुक्ल (ब) कबीर (स) मीराबाई (द) प्रेमचन्द

4. आवारा मसीहा किस विधा की रचना है- 1

(अ) निबंध (ब) जीवनी (स) कहानी (द) रेखाचित्र

5. रामभक्ति शाखा के प्रमुख कवि हैं- 1

(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास (स) मीराबाई (द) रसखान

6. सूरदास भक्तिकाल की किस शाखा के कवि थे- 1

(अ) आदिकाल (ब) कृष्णभक्ति शाखा (स) निगुणशाखा (द) ज्ञानमार्गीशाखा

7. 'चरन-कमल बंदौ हरि राई' में अलंकार है- 1

(अ) अनुप्रास (ब) यमक (स) रूपक (द) उत्प्रेक्षा

8. रोला छन्द में कितनी मात्राएँ होती हैं। 1

(अ) 13 (ब) 11 (स) 24 (द) 16

9. करूण रस का स्थायी भाव क्या है- 1

(अ) रति (ब) हास (स) शोक (द) उत्साह

10. किस अलंकार में उपमेय में उपमान की संभावना व्यक्त की जाती है। 1

(अ) उपमा (ब) अनुप्रास (स) उत्प्रेक्षा (द) यमक

11. चौराहा में कौन-सा समास है- 1

(अ) बहुव्रीहि (ब) कर्मधारय (स) द्वन्द्व (द) द्विगु

12. पेड़, तरू, द्रुम आदि कहलाते हैं-

modelpaper.info

(अ) विलोम (ब) तद्भव (स) तत्सम (द) पर्यायवाची

**13.'हास ही को दंगा भयौ नंगा के विवाह में' में कौन सा रस है।** 1

(अ) वीर (ब) श्रृंगार (स) करूण (द) हास्य

**14.'लिखकर लोहित लेख, डूब गया दिनमणि अहा। में कौन सा छन्द प्रयुक्त है।** 1

(अ) सोरठा (ब) रोला (स) दोहा (द) चौपाई

**15.कपोत तत्सम है-** 1

(अ) कबूतर (ब) कौआ (स) कछुआ (द) कोई नहीं

**16.कुम्भकार तत्सम है-** 1

(अ) कुम्हार (ब) सोनार (स) लोहार (द) कोई नहीं

**17.'नीलकण्ड' में कौन-सा समास है-** 1

(अ) द्वन्द्व (ब) बहुव्रीहि (स) द्विगु (द) कोई नहीं

**18.तथा +एव की संधि है-** 1

(अ) तथाव (ब) तथैव (स) तथाएव (द) तथावए

**19.'कवित्व' में प्रत्यय है-** 1

(अ) कवि (ब) त्व (स) वित् (द) व

**20.'फलेषु' किस विभक्ति व वचन का रूप है।** 1

(अ) पंचम विभक्ति एकवचन (ब) सप्तमी विभक्ति बहुवचन

(स) प्रथमा विभक्ति एकवचन (द) द्वितीया विभक्ति द्विवचन

modelpaper.info

## खण्ड-ख

**21.निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** 6

(क) विश्वासपात्र मित्र जीवन की एक औषध है, हमें अपने मित्रों से यह आशा रखनी चाहिए कि वे उत्तम संकल्पों में हमें दृढ़ करेंगे, दोषों और त्रुटियों से हमें बचाएँगे। हमारे सत्य, पवित्रता और मर्यादा के प्रेम को पुष्ट करेंगे, जब हम कुमार्ग पर पैर रखेंगे तब वे हमें सचेत करेंगे। जब हम हतोत्साहित होंगे तब हमें उत्साहित करेंगे।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) हमें अपने मित्र से क्या आशा रखनी चाहिए?

(ख) रोहतास-दुर्ग के प्रकोष्ठ में बैठी हुई युवती ममता, शोण के तीक्ष्ण, गंभीर प्रवाह को देख रही है। ममता विधवा थी। उसका यौवन शोण

के समान ही उमड़ रहा था। मन में वेदना, मस्तक में आंधी, आंखों में पानी की बरसात लिये वह सुख के कंटक शयन में विकल थी। वह रोहतास दुर्गपति के मंत्री चूड़ामणि की अकेली दुहिता थी। फिर उसके लिए कुछ अभाव होना असंभव था, परन्तु यह विधवा थी-हिन्दू विधवा संसार में सबसे तुच्छ निराश्रय प्राणी है- तब उसकी विडम्बना का कहाँ अंत था?

(अ) उपर्युक्त अवतरण के पाठ एवं लेखक का नाम बताइए।

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) वह किसकी अकेली दुहिता थी?

**22. निम्नांकित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 3x2=6**

ऊधौ मोहि ब्रज विसरत नाहीं।
वृन्दावन गोकुल वन उपवन, सघन कुंज की छाँही।।
प्रात समय माता जसुमति अरू नंद देख सुख पावत।
माखन रोटी दह्यौ सजायौ अतिहित साथ खवावत।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ख) कृष्ण अपने मन की व्यथा किससे व्यक्त करते हैं?

(ग) माता यशोदा कृष्ण को क्या खिलाती है?

अथवा

भरे भुवन घोर कठोर रव रवि बाजि तजि मारगु चले।
चिक्करहिं दिग्गज डोल अहि कोल कूरूम कलमले।
सुर असुर मुनि कर कान दीन्हें सकल विकल विचारहीं।
कोदंड खंडेउ राम तुलसी जयति बचन उचारहीं।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ख) किसकी कठोर ध्वनि सुनकर सूर्य के घोड़े अपने मार्ग से भटक जाते हैं?

(ग) राम ने क्या खंडित कर दिया?

**23. निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी का अनुवाद कीजिए। 6**

वाराणसी सुविख्याता प्राचीन नगरी। इयम् विमल सलिल तरङ्गायाः गंङ्गाया कूले स्थिता। अगणिताः पर्यटकाः सुदूरेभ्यः देशेभ्यः नित्यमक अत्र आयन्ति, अस्याः घट्टानां च शोभा विलोक्य इमां बहु प्रशंसन्ति।

(अथवा)

मरणं मङ्गलं यत्र विभूतिश्च विभूषणम्।

कौपीनं यत्र कौशेयं सा काशी केन मीयते।।

24. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए किन्हीं दो रचनाओं का नाम लिखिए। 5

(अ) रामचन्द्र शुक्ल (ब) जयशंकर प्रसाद (स) राजेन्द्र प्रसाद

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन परिचय देते हुए किन्हीं दो रचनाओं का नाम लिखिए। 5

(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास (स) बिहारीलाल

25. अपनी पाठ्य-पुस्तक से कंठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो। 2

26. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए। 2+2

(क) वाराणसी कस्याः कूले स्थिता अस्ति?

(ख) वाराणसी कस्याः भाषायाः केन्द्रस्थली अस्ति?

(ग) मरणम् कुत्र मंगलम् भवति।

27. (क) निम्न उपसर्गों में से किसी एक के मेल में एक शब्द बनाइए। 1

(अ) सु (ब) अनु (स) निर्

(ख) निम्न में से किसी एक प्रत्यय का प्रयोग करके एक शब्द बनाइए। 1

(अ) त्व (ब) ता (स) इक

28. निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए। 4

(क) राम विद्यालय जाता है।

(ख) श्याम कलम से पत्र लिखता है।

(ग) मैं पुस्तक पढ़ता हूँ।

(घ) वृक्ष से पत्ते गिरते हैं।

29. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। 5

(क) पर्यावरण प्रदूषण

(ख) जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम

(ग) बेरोजगारी की समस्या और समाधान

(घ) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

30. तुमुल खण्डकाव्य के आधार पर लक्ष्मण अथवा मेघनाद का चरित्र-चित्रण कीजिए। 5

अथवा

तुमुल खण्डकाव्य के आधार पर नवम् सर्ग का वर्णन कीजिए।

❖❖❖

modelpaper.info